**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 12 MAR 2026** **Page No. 5**

12/03/26 My City 05

# विभाजन भारतीय इतिहास की सबसे पीड़ादायक घटना : सदानंद



सुभारती विवि में राष्ट्रीय उत्सव के दौरान मौजूद विद्यार्थी व अतिथि। स्रोत : संस्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

## सुभारती विवि में विभाजन पर व्याख्यान सहित अन्य कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में विभिन्न विभागों की ओर से कई कार्यक्रम किए गए। गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने 1947 के विभाजन और अखंड भारत की विचारधारा विषय पर विशेष अतिथि व्याख्यान किया।

मुख्य वक्ता सदानंद दामोदर सप्रे ने 1947 के विभाजन को भारतीय इतिहास की सबसे पीड़ादायक घटना बताया। प्रज्ञा प्रवाह के देवराज सिंह और अवनीश त्यागी भी अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

विभागाध्यक्ष डॉ. ऋतेष चौधरी ने ऐसे आयोजनों को छात्रों के लिए इतिहास और समाज को गहराई से समझने का बेहतरीन माध्यम बताया। प्राचार्य प्रो. पिंटू मिश्रा और विभागाध्यक्ष डॉ. नेहा सिंह के मार्गदर्शन में पिडिलाइट से जुड़ी विशेषज्ञ गीतू शर्मा ने छात्रों को सजावटी उत्पाद बनाने की नई तकनीकें सिखाईं।

कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा ने रचनात्मक शिक्षण विधियों और शोध-आधारित शिक्षा पर जोर दिया। आचार्य विष्णु गुप्त सुभारती कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स ने शहीद चंद्रशेखर आजाद की 95वीं पुण्यतिथि पर नुक्कड़ नाटक कराया। कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा और सीईओ प्रो. शल्या राज ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 19 MAR 2026** **Page No. 4**

19/03/26 H 04

# युवा महोत्सव में छाए सुभारती विवि के मेधावी




**मेरठ।** सुभारती विवि के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आईबीएम स्किल्सबिल्ड प्रमाण-पत्र वितरण समारोह में छात्रों की प्रतिभा को पहचान मिली।

निदेशक नैसकॉम फाउंडेशन अनुपम शुक्ला ने कहा कि आज का कौशल ही कल की पहचान है। सीईओ सीईटीपीए विकास कालरा एवं ट्रेनर मोहम्मद बेलाल ने छात्रों को इंडस्ट्री के अनुसर तैयार रहने को प्रेरित किया। डीन इंजीनियरिंग डॉ.मनोज कपिल, डॉ.श्रवण गर्ग, डॉ. आशिमा, डॉ.दिव्या मिश्रा, डॉ. अमित चौधरी, डॉ.अमित किशोर, सिमरप्रीत कौर, शिवानी शर्मा एवं अमरदीप का सहयोग रहा। वहीं, सुभारती विवि ने 39वें एआईयू उत्तर मध्य क्षेत्र युवा महोत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ स्थान हासिल किए। विवि की सीईओ डॉ.शल्या राज, कुलपति प्रो.पीके शर्मा, डीन प्रो.पिंटू मिश्रा ने छात्रों की सराहना की।


Subhartipuram, Delhi-Haridwar Meerut Bypass Road, NH-58, Meerut - 250 005

E-mail: slib53@rediffmail.com, Website: www.subharti.org

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 19 MAR 2026 Page No. 5**

# Campus

19/03/26 My city 05

## समारोह में प्रमाणपत्र वितरित किए



सुभारती विवि में हुए समारोह में प्रतिभागी एवं अतिथि। स्रोत : विवि

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में बुधवार को प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

जिसने छात्रों की तकनीकी क्षमता, मेहनत और भविष्य की संभावनाओं को नई ऊंचाई प्रदान की। मुख्य अतिथि अनुपम शुक्ला ने कहा आज का कौशल ही कल की पहचान है। समारोह में छात्रों के इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स ने सबका मन मोह लिया। डॉ. मनोज कपिल एवं डॉ. श्रवण गर्ग के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. आशिमा, डॉ. दिव्या मिश्रा, डॉ. अमित चौधरी, डॉ. अमित किशोर, सिमरप्रीत कौर, शिवानी शर्मा एवं अमरदीप का विशेष योगदान रहा। संवाद

## सुभारती विवि ने जीते कई पुरस्कार




युवा महोत्सव में पुरस्कार जीतने वाले सुभारती विवि के प्रतिभागी। स्रोत : विवि

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय ने 39वें एआईयू उत्तर मध्य क्षेत्र युवा महोत्सव में शानदार प्रदर्शन किया है। देशभर के 130 से अधिक विश्वविद्यालयों के बीच सुभारती की टीम ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समिति के मार्गदर्शन में टीम ने हिस्सा लिया। शास्त्रीय नृत्य में रिया मेहरोत्रा को दूसरा स्थान मिला। कार्टूनिंग में सुजीत यादव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी भाषण में आस्था गुप्ता ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त शोभायात्रा में टीम को दूसरा स्थान मिला। कोलाज प्रतियोगिता में पांचवां स्थान प्राप्त हुआ। लोक वाद्य वृंद में टीम चौथे स्थान पर रही।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 21 MAR 2026** **Page No.** **City Page 6**

21/03/2026 06 My City

## नशा मुक्त भारत पर हुआ व्याख्यान, युवाओं को दिया जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में नशा मुक्त भारत और नागरिक कर्तव्य विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें युवाओं को नशे से दूर रहने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संदेश दिया गया।

मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश पुलिस के आईजी (सीआईडी) डॉ. अखिलेश कुमार निगम और मुख्य अतिथि मेरठ जोन एसपी (सीआईडी) अलका सिंह ने छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की सीईओ प्रो. शल्या राज एवं कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। विज्ञान संकाय के डीन प्रो. आरके जैन के स्वागत संबोधन से शुरू हुए इस आयोजन में अलका सिंह ने छात्रों को जागरूक रहने, अवैध गतिविधियों से बचने तथा कानून के दायरे में रहकर सुरक्षित एवं सफल जीवन जीने का आह्वान किया। डॉ. अखिलेश कुमार निगम ने सरल एवं प्रभावी भाषा में नशे एवं अपराध के खतरे से अवगत कराते हुए नागरिक कर्तव्यों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार नागरिक बनकर ही हम नशा मुक्त भारत के सपने को साकार कर सकते हैं। भाषा विभाग की अध्यक्ष डॉ. सीमा शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार जताया।



सुभारती विश्वविद्यालय में हुए कार्यक्रम में पहुंचे अतिथि। स्रोत : विवि

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 23 MAR 2026** **Page No. 8**

23/02/26 08 H

क्रिकेट | रविवार को अवध कंसल्टेंसी की ओर से आयोजित प्रीमियर लीग के दूसरे दिन हुआ मैच

## सुभारती कॉलेज ऑफ नर्सिंग 6 विकेट से जीता

### सम्मानित किए

- विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया
- बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट हंसराज को मिला

**मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता।** अवध कंसल्टेंसी की ओर से आयोजित प्रीमियर लीग के दूसरे दिन रविवार को कॉलेज चेयरमैन केशव अग्रवाल और अवध ग्रुप के डायरेक्टर अवध गंगवार ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

राधा गोविंद इंजीनियरिंग कॉलेज के स्पोर्ट्स स्टेडियम में अवध प्रीमियर लीग का फाइनल मैच केएमसी कॉलेज ऑफ नर्सिंग और सुभारती कॉलेज ऑफ नर्सिंग के बीच हुआ। सुभारती कॉलेज ने छह विकेट के साथ विजय प्राप्त की। एपीएल के ट्रॉफी अपने नाम की। बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट हंसराज को मिला। जीतने वाली टीम को ₹21000 और ट्रॉफी मिली।

रनरअप टीम को ₹11000 की धनराशि दी गई। आयोजन में अंकिता गंगवार, आचार्य प्रभु गोन, डॉ. अमित शर्मा का योगदान रहा।



रविवार को गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी में चल रहा क्रिकेट टूर्नामेंट।

## टूर्नामेंट में आज होंगे सेमीफाइनल मैच

मेरठ। गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी और ऋषभ क्रिकेट एकेडमी में चल रहे 16वें अरुण शुक्ला मेमोरियल डबल विकेट क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। धैर्य-कार्तिक, कुणाल-अभय, दिव्य-आरोहन और रिहान व ध्रुव की जोड़ी ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। आयोजन सचिव व क्रिकेट कोच अतहर अली ने बताया कि सोमवार को जूनियर वर्ग के सेमीफाइनल खेले जाएंगे।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 25 MAR 2026** **Page No. 5**

25/03/26 05 H




मंगलवार को सुभारती विवि में बास्केटबॉल चैंपियनशिप का उद्घाटन किया गया।

# सुभारती विवि में बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आगाज

**मेरठ, संवाददाता।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के जनरल मोहन सिंह क्रीडा मैदान में मंगलवार को ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) के बैनर तले आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के 87 विश्वविद्यालयों की टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें महिला और पुरुष दोनों वर्ग शामिल हैं। यह चैंपियनशिप 24 मार्च से 28 मार्च तक विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल कोर्ट पर आयोजित की जाएगी।

उद्घाटन समारोह विश्वविद्यालय के सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ, जिसकी शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीप अहलावत, कुलपति, मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय, मेरठ उपस्थित रहे। वहीं एआईयू के पर्यवेक्षक डॉ. शाहनवाज खान, विशाल गुप्ता, अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी हनी सिंह, राष्ट्रीय कबड्डी कोच विरेंद्र राठी, 'खेलो इंडिया' पदक विजेता फैजल खान और राष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच मंजीत सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि दीप अहलावत ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लागू होने के बाद देश में शिक्षा के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

■ **प्रतियोगिता में देशभर के 87 विश्वविद्यालयों की भाग ले रही हैं टीमें**

एआईयू के पर्यवेक्षक डॉ. शाहनवाज खान ने कहा कि इस प्रकार की राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ आपसी सहयोग और खेल भावना को मजबूत करने का मंच प्रदान करती हैं। वहीं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. डॉ. शल्या राज, कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एम. याकूब (सेनि.), प्रति-कुलपति डॉ. देवेंद्र स्वरूप, अति. प्रति-कुलपति डॉ. मुनीश सी. रेड्डी सहित अनेक शिक्षक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 25 MAR 2026 Page No. City Page 4**

25/03/26 04 My City

## ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबाल चैंपियनशिप शुरू

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय के जनरल मोहन सिंह क्रीड़ा मैदान में मंगलवार को ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबाल चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) के बैनर तले हुई प्रतियोगिता में 87 विवि की टीमें भाग ले रहीं हैं। यह चैंपियनशिप 24 से 28 मार्च तक होगी।

उद्घाटन समारोह विश्वविद्यालय के सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में हुआ। मुख्य अतिथि मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय के कुलपति दीप अहलावत रहे। वहीं एआईयू के पर्यवेक्षक डॉ. शाहनवाज खान, विशाल गुप्ता, अंतरराष्ट्रीय बास्केटबाल खिलाड़ी हनी सिंह, राष्ट्रीय कबड्डी कोच विरेंद्र राठी, खेलो इंडिया पदक विजेता फैजल खान और राष्ट्रीय बास्केटबाल कोच मंजीत सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि दीप अहलावत ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं है। यह अनुशासन, संयम, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त जरिया है। उन्होंने महान धावक मिल्खा सिंह के विचारों को उद्धृत करते हुए कहा कि जितनी मेहनत होगी, उतनी ही बड़ी सफलता प्राप्त होगी। एआईयू के पर्यवेक्षक डॉ. शाहनवाज खान ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं खेल भावना को मजबूत करने का मंच प्रदान करती हैं।

विवि की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. डॉ. शल्या राज ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एम. याकूब (सेनि.), प्रति-कुलपति डॉ. देवेंद्र स्वरूप, अति. प्रति-कुलपति डॉ. मुनीश सी. रेड्डी सहित अन्य मौजूद रहे। संवाद



सुभारती विवि में बास्केटबाल चैंपियनशिप के उद्घाटन सम

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 26 MAR 2026** **Page No.** **City Page 5**

26/03/26 05 My City

# बास्केटबाल चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबाल चैंपियनशिप के दूसरे दिन कई रोमांचक मुकाबले हुए। इस दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर सभी को आकर्षित किया। दिनभर चले मुकाबलों में कई मैच एकतरफा रहे।

चैंपियनशिप में देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 87 विश्वविद्यालयों की महिला एवं पुरुष टीमों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। सभी टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में जगह बनाने के लिए दमखम दिखाया। दूसरे दिन के मुकाबलों में कई टीमों ने एकतरफा जीत दर्ज कर अपनी मजबूत स्थिति का संकेत दिया।

वहीं, सुभारती विवि की टीम ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया। लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन से आए अतिथि डॉ. बिजेंद्र झांझरिया ने कहा कि ऐसी चैंपियनशिप प्रतिभा निखारने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क जैसे मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।अखिल भारतीय खेल संघ के पर्यवेक्षक डॉ. शाहनवाज खान ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं और उन्हें बड़े स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित करती हैं। इस दौरान विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, शिक्षा संकाय के अध्यक्ष एवं खेल समिति के चेयरमैन लेफ्टिनेंट डॉ. संदीप चौधरी, डॉ. मंजू अधिकारी पांडेय, डॉ. अतुल तिवारी, शुभम राठी आदि मौजूद रहे।



सुभारती विवि में बास्केटबाल मुकाबले में भिड़ते खिलाड़ी । अमर उजाला

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 26 MAR 2026** **Page No. 7**

26/03/26 07 H

# रोमांचक मुकाबलों में छा गए खिलाड़ी

**सुभारती विवि**



**मेरठ, प्रमुख संवाददाता।** सुभारती विवि में जारी ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी 3x3 बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बुधवार का दिन रोमांच और प्रतिस्पर्धा से भरपूर रहा। पूरे दिन चले मुकाबलों में कई मैच एकतरफा रहे।

चैंपियनशिप में देश के विभिन्न राज्यों से 87 विवि की महिला-पुरुष टीमों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। मेजबान सुभारती विवि की टीम ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। डॉ. बिजेंद्र झांझरिया ने कहा कि यह चैंपियनशिप खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करती है। अखिल भारतीय खेल संघ के पर्यवेक्षक डॉ. शाहनवाज खान ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के विकास में सहायक होती हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, खेल समिति के चेयरमैन लेफ्टिनेंट डॉ. संदीप चौधरी, डॉ. मंजू अधिकारी पांडेय, डॉ. अतुल तिवारी, शुभम राठी मौजूद रहे।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 27 MAR 2026** **Page No.** **City Page 5**

27/03/26 05 My City

# वैष्णव विद्यापीठ और पंजाब यूनिवर्सिटी का जीत से आगाज

संवाद न्यूज एजेंसी

## सुभारती विवि में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबाल चैंपियनशिप का तीसरा दिन

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबाल चैंपियनशिप के तीसरे दिन हुए मुकाबलों में वैष्णव विद्यापीठ और पंजाब यूनिवर्सिटी की टीमों ने जीत से आगाज किया है।

बृहस्पतिवार को वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय इंदौर ने सैम हिगिनबॉटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय प्रयागराज को 19–9 के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला ने मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन को 21–11 से पराजित करते हुए मजबूत दावेदारी पेश की।

जामिया मिलिया इस्लामिया दिल्ली ने जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद के खिलाफ 21–11 से जीत हासिल की। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब ने बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय बीकानेर को 21–09 से हराया। महात्मा गांधी विश्वविद्यालय कोट्टायम ने एमिटी यूनिवर्सिटी राजस्थान को 21–08 से परास्त किया। महिला वर्ग में यूनिवर्सिटी ऑफ मद्रास ने माधव यूनिवर्सिटी राजस्थान को 21–03 से हराया।

इस शानदार प्रदर्शन को देखते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. शल्या राज ने टीम के शानदार प्रदर्शन पर कहा कि यह सफलता आप लोगों के समर्पण, अनुशासन और उत्कृष्ट टीम भावना का प्रतीक है।

इस मौके पर खेल समिति के चेयरमैन लेफ्टिनेंट डॉ. संदीप चौधरी, सरताज अहमद, डॉ. मंजू, डॉ. अतुल तिवारी, डॉ. निशांत, डॉ. अंकित, डॉ. दीपक राघव, शुभम राठी, शरद पंवार, मिस दीपांशु सहित अन्य मौजूद रहे।



सुभारती विश्वविद्यालय में बास्केटबाल प्रतियोगिता में जंप लगाता खिलाड़ी। स्रोत : विवि

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 27 MAR 2026** **Page No. 7**

27/03/26 07 H

# महात्मा गांधी विवि की शानदार जीत

**मेरठ, संवाददाता।** सुभारती विवि में जारी ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल चैंपियनशिप में गुरुवार को विभिन्न विवि की टीमों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। श्री वैष्णव विद्यापीठ विवि इंदौर ने सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विवि प्रयागराज को 19-9 के अंतर से हराते हुए जीत दर्ज की।

पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला ने मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन को 21-11 से हराते हुए मजबूत दावेदारी पेश की। जामिया मिलिया इस्लामिया दिल्ली ने जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि फरीदाबाद को 21-11 जबकि लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब ने बीकानेर तकनीकी विवि बीकानेर को 21-09 से हराया। महात्मा गांधी विवि कोट्टायम ने एमिटी यूनिवर्सिटी राजस्थान को 21-08 से परास्त किया जबकि महिला वर्ग में यूनिवर्सिटी ऑफ मद्रास ने माधव यूनिवर्सिटी राजस्थान 21-03 से हराया। डॉ.शल्या राज ने कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों के समर्पण, अनुशासन और उत्कृष्ट टीम भावना का प्रतीक है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आगे भी इसी उत्साह के साथ खेलेंगें। डॉ. संदीप चौधरी ने खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना के साथ आगे भी श्रेष्ठ प्रदर्शन को प्रेरित किया। डॉ.सरताज अहमद, डॉ.मंजू अधिकारी पांडेय, डॉ.अतुल तिवारी, डॉ.निशांत, डॉ.अंकित, डॉ.दीपक राघव, शुभम राठी, शरद पंवार, दीपांशु मौजूद रहे।




गुरुवार को सुभारती विवि में बास्केटबॉल की विजेता टीम को सम्मानित किया गया।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 29 MAR 2026** **Page No. City Page 6**

29/03/26 06 My City

उद्घाटन

सुभारती विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय में हुआ आयोजन

# विज्ञानोत्सव में दिखा तकनीकी और सांस्कृतिक संगम

संवाद न्यूज एजेंसी

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय तकनीकी, सांस्कृतिक एवं खेल महोत्सव विज्ञानोत्सव का शुभारंभ शनिवार को सत्यजीत रे ऑडिटोरियम में हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने इसका उद्घाटन किया। डॉ. विक्रांत जावला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एआईसीटीई विचार प्रयोगशाला का भी शुभारंभ किया गया। यह प्रयोगशाला विद्यार्थियों में नवाचार और नवोद्यम संस्कृति को बढ़ावा देगी। विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शल्या राज ने शोध एवं नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता बताई। मंत्री अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को तकनीक से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वस्तुओं का इंटरनेट और सौर ऊर्जा पर आधारित प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का अवलोकन किया। डीन डॉ. मनोज कपिल ने बताया कि विज्ञानोत्सव 31 मार्च तक चलेगा। इसमें राष्ट्रीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता हैकाथॉन और विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी।



सुभारती विवि में आयोजित विज्ञानोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। स्रोत : संस्थान

## पर्यावरण और तकनीक के नए आयामों पर हुई चर्चा

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड इंटेलिजेंट इनोवेशन शनिवार को संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में विज्ञान, पर्यावरण और तकनीक के नए आयामों पर गहन चर्चा हुई। 200 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। इन विषयों पर शोध पत्र भी प्रस्तुत किए गए। मौखिक प्रस्तुति में अंशु सिंह ने प्रथम, तान्या ने द्वितीय और निखिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रस्तुति में अंशिका ने प्रथम, निक्की शर्मा ने द्वितीय तथा शगुन ने तृतीय स्थान हासिल किया। सऊदी अरब, अमेरिका, ताइवान और इराक से वक्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान शिक्षाविदों वैभव गोयल, सीसीएसयू से मुकेश शर्मा, नई दिल्ली से प्रीतम सिंह, आईआईटी रुड़की से प्रविंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। आयोजक सचिव अमित कुमार, कार्यकारी अधिकारी प्रो शल्या राज, कुलपति पीके श[illegible] और डीन रविंद्र कुमार जैन मौजूद रहे। संवाद



# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 29 MAR 2026** **Page No. 7**

## विज्ञानोत्सव में हैकाथॉन का आगाज




मेरठ। सुभारती विवि में जारी विज्ञानोत्सव-2026 में शनिवार को दूसरे दिन एआई हैकाथॉन का उद्घाटन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि डॉ.सर्गेई कोल्त्सोव ने जटिल तकनीकी चुनौतियों के समाधान के लिए वैश्विक सहयोग पर जोर दिया। डॉ.श्रवण कुमार गर्ग के अनुसार एआई आधारित नवाचार विकसित करने का मंच प्रदान किया जा रहा है। सीईओ डॉ.शल्या राज ने छात्रों के आइडिया की सराहना की। डॉ.श्वेता भारद्वाज सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## शाम-ए-ग़ज़ल' कल, हुसैन बंधु देंगे प्रस्तुति

मेरठ। सुभारती विवि के मंच कला विभाग एवं संगीत नाटक अकादमी उप्र के संयुक्त तत्वावधान में कल यानी 30 मार्च को 'शाम-ए-ग़ज़ल' आयोजित होगी। प्रसिद्ध ग़ज़ल गायक पद्मश्री उस्ताद अहमद हुसैन एवं मोहम्मद हुसैन अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। पोस्टर का विमोचन मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज, ललित कला संकाय डीन प्रो.पिंटू मिश्रा एवं मंच कला विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.भावना ग्रोवर ने किया।

## लवली यूनिवर्सिटी बनी चैंपियन

### बास्केटबॉल

मेरठ,संवाददाता। सुभारती विवि में जारी ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल चैंपियनशिप शनिवार को संपन्न हो गई। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज़ द्वारा चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग में 58 एवं महिला वर्ग में 32 टीमों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि असिस्टेंट कमिश्नर डीडीईओ मेरठ सिद्धांत शर्मा एवं कुलपति प्रो.प्रमोद कुमार शर्मा मौजूद रहे।

फाइनल में पुरुष वर्ग में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को 21-09 से हराकर खिताब नाम किया जबकि लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ग्वालियर रनर-अप रहा। महिला वर्ग फाइनल में एसआरएम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान चेन्नई ने एमआईटी यूनिवर्सिटी पुणे को 20-13 से हराकर खिताब जीता। महर्षि दयानंद विवि रोहतक रनर-अप रहा। सिद्धांत शर्मा ने विजेता टीमों को बधाई दी। कुलपति प्रो.प्रमोद कुमार शर्मा ने विचार रखे। शारीरिक शिक्षा एचओडी डॉ.मंजू अधिकारी, डॉ.प्रवीण कुमार, डॉ.सीमा शर्मा, डॉ.नेहा सिंह, डॉ.अतुल तिवारी, डॉ.निशांत, डॉ.अंकित, डॉ.दीपक राघव, शुभम राठी, शरद पंवार, दीपांशु मौजूद रहे।



सुभारती विवि में बास्केटबॉल चैंपियनशिप की विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथि।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 31 MAR 2026** **Page No. 5**

हि हिन्दुस्तान www.livehindustan.c

# रिमझिम में गजल

मेरठ। **प्रमुख संवाददाता।** हल्के बादलों की चादर ओढ़े धुंधली सी सोमवार की शाम। कुछ सर्द हवाओं के झोंकों के साथ रिमझिम फुहार मेरठ को भिगो रही थी। इन्हीं फुहारों के बीच ढलती शाम के साथ सुभारती विवि के परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग द्वारा पद्मभूषण बेग़म अख्तर की याद में उप्र संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में जारी 'शाम-ए-ग़ज़ल' से भी मेरठ भीग रहा था।

पद्मश्री एवं प्रसिद्ध गजल गायक अहमद हुसैन एवं मोहम्मद हुसैन ने सुरमयी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मौसम एवं गजल के साथ मदहोश कर दिया। 'प्यार का जज्बा नया रंग दिखा देता है' और हसरत जयपुरी की लिखी ग़ज़ल 'इश्क गर एक तरफ हो तो सज़ा देता है' एवं 'चल मेरे साथ ही चल' की प्रस्तुति से श्रोता दिलों को खो बैठे।

शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मंच कला विभाग के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। हुसैन बंधुओं का साज़ पर संगत सारंगी वादक कमाल खान, कीबोर्ड वादक जफर मिर्जा, गिटार वादक रतन प्रसन्ना एवं तबले पर अदनान खान ने दी। सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी, पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल, संगीत नाट्य अकादमी अध्यक्ष प्रो.जयंत खोत, निदेशक डॉ.शोभित नाहर, पंडित कमाल साबरी, पंडित संतोष नाहर भी मौजूद रहे।

कुलपति डॉ.प्रमोद कुमार शर्मा ने शुभकामनाएं जबकि विवि मुख्य

सोमव कार्य औप कला मंच ग्रोवर का सं

हि हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

# हार नहीं मानी, संघर्षों से

**यूपीपीएससी**

**सोमवार सुबह मेरठ के मेधावियों के लिए उपलब्धियों क लेकर आई। मेरठ से पांच मेधावियों ने यूपीपीएससी-2 पाई और ये सभी छात्राएं हैं। मध्यम और निम्न मध्यम प**

**मेरठ, प्रमुख संवाददाता।** उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीपीएससी) के परिणाम में मेरठ की प्रतिभा ने प्रदेश की टॉप-20 रैंक में अपनी जगह बनाई है। हस्तिनापुर के गांव इकवारा से ज्योति धामा ने यूपीपीएससी में 19 वीं रैंक हासिल करते हुए गांव का नाम रोशन कर दिया। किसान की बेटी ज्योति डिप्टी कलेक्टर बनी हैं।

सीमित संसाधनों के बीच उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। बहन को सफल देखने के लिए भाइयों ने हस्तिनापुर से समाचार पत्र लाकर दिए,



ज्योति धामा।

का तीसरा प्रयास है, जबकि मेन्स और इंटरव्यू पहला रहा जिसमें वह सफल

### पिता किसान..बेटी बन ग

देविका ग्राम ढिंडाला निवासी देविका 4 कमर्शियल टैक्स ऑफिसर (सीटीओ) 10-12वीं और सीसीएसयू से बीए प्रा देविका ने बीएड किया। 2025 में उन्हो रेगुलर की पढ़ाई की। देविका यूपीएस रहीं, लेकिन तीन प्रयासों में सफलता यूपीपीएससी के लिए स्विच कर लिया और रविवार को जारी रिजल्ट में पहल राजीव कुंडू किसान हैं जबकि मां ममत हैं। देविका के अनुसार उन्हें और बेहत

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 31 MAR 2026 Page No. City Page 5**

31/03/2026 AU 05 Mycity

# सुभारती विवि में छाया रंगों का उल्लास

संवाद न्यूज एजेंसी

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय में मलंग रंग दे सुभारती सांस्कृतिक उत्सव ने पूरे परिसर को रंग-बिरंगे उल्लास से भर दिया। छात्रों ने जोशीले नृत्य प्रस्तुतियों से रंग जमाया। उत्सव में खेल प्रतियोगिताएं, स्वादिष्ट खाने के स्टॉल, क्रिएटिव मर्चेंडाइज स्टॉल ने भी हर किसी का ध्यान खींचा।

कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा और मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. शल्या राज ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। स्टूडेंट्स वेलफेयर के डीन डॉ. सरताज अहमद और अपर डीन डॉ. श्वेता भारद्वाज के मार्गदर्शन में यह आयोजन हुआ।



सुभारती में आयजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी और अतिथि। स्रोत : संस्थान

एनएसएस इकाई तीन और चार का शिविर घाट गांव में संपन्न हुआ। इकाई तीन के समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा और इकाई चार के समन्वयक डॉ. विशाल कुमार के कुशल निर्देशन में घाट व सोरखा क्षेत्रों में चले इस शिविर ने स्वयंसेवकों को ग्रामीण सेवा, पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। प्राचार्य डॉ. अमित गोयल, डॉ. कपिल और एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अमित कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

31/03/26 Mycity 05

# विधि के छात्रों ने थाने का भ्रमण किया



परतापुर पुलिस थाने का शैक्षिक भ्रमण करते छात्र। स्रोत : विवि

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के विद्यार्थियों ने सोमवार को परतापुर पुलिस थाने का शैक्षिक भ्रमण किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कानून-व्यवस्था और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली से परिचित कराना था। यह भ्रमण संस्थान के निदेशक राजेश चंद्रा और संकायाध्यक्षा रीना बिश्नोई के निर्देशन में आयोजित हुआ। थाना प्रभारी अजय शुक्ला ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा में पुलिस की भूमिका पर जानकारी दी। अवर निरीक्षक ने छात्रों को एफआईआर दर्ज करने से लेकर आरोप पत्र दाखिल करने तक की पूरी प्रक्रिया क्रमबद्ध तरीके से समझाई। संवाद